# राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफ. 7(43) R'A'/Dy. Commandant/Home Deptt./RPSC/2024-25/ 90 दिनांक : 25.04.2025

**<u>प्रेस–नोट</u>**

आयोग द्वारा उप समादेष्टा (Dy Commandant), गृह रक्षा विभाग के पदों की भर्ती 2025 (विज्ञापन सं. 26 / Exam / Dy. Commandant / RPSC / EP-I / 2024–25 दिनांक 18.03.2025) हेतु विज्ञापन जारी कर दिनांक 24.03.2025 से दिनांक 22.04.2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु वांछित अनिवार्य योग्यता निम्नानुसार है –

> "1. Ex-Captain
> Explanations : - Ex-captain will include officers retired/resigned from Army or released/Demobilised from Emergency or Short Service Commission."

यह पाया गया है कि कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता नहीं होने के उपरान्त भी उनके द्वारा आवेदन किया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.05.2025 तक प्रत्याहारित (Withdraw) कर लेवें अन्यथा उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 217 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

उक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि जो अभ्यर्थी विज्ञापन के अनुसार वांछित अनिवार्य योग्यताधारी हैं, वे अपना सेवानिवृत्ति प्रमाण–पत्र (Discharge Certificate) ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ दिनांक 09.05.2025 तक Upload करें। इस हेतु ऑनलाईन संशोधन / Withdraw करने के लिए दिनांक 09.05.2025 तक Link सक्रिय रहेगा।

**सचिव**